जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™
JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2023/tpf/01 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | सोमवार, 22 मई 2023

# जयपुर नगर निगम हेरिटेज का लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन बना गुंडों,हिस्ट्रीशीटरों की कर्मस्थली!!

## इस कचरा ट्रांसफर सेंटर मे गुंडे,हिस्ट्रीशीटर कर रहे खुलेआम कचरा बीनने वाली महिलाओ से चौथ-वसूली,बदतमीजी और मारपीट!!

## इतना ही नहीं इन कचरा बीनने वाली महिलाओ के साथ-साथ उनकी छोटी-छोटी नाबालिग बच्चियों से भी की जाती है,अश्लील हरकते और छेड़खानी,जो कि पोक्सो एक्ट के तहत अपराध!!

पार्ट-1




पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com



**ऐसे ही एक मामले मे कुछ पीड़ित महिलाओ ने गलता गेट थाने मे असरार,देवराज और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ लगाई फ़रियाद! लेकिन पुलिस द्वारा भी इस गंभीर मामले मे FIR दर्ज करने की बजाय महज दर्ज किया परिवाद!!**

# परिवाद के अनुसार गुंडों,हिस्ट्रीशीटरो के हाथ मे है कचरा सेंटर का संचालन!!

# कचरा ठेका संचालन के नाम पर हर माह रंगदारी के वसूल रहे 1.20 लाख रुपये,

# स्थानीय एमएलए,निगम पार्षद और नगर निगम के अधिकारी भी मासिक चौथ वसूली की बंदरबाँट मे शामिल!!

# ऐसे मे बड़ा सवाल?क्या गलता गेट पुलिस करेगी नेताओ,अफसरों और अपराधियों के सिंडीकेट के विरुद्ध कार्यवाही?

## जयपुर नगर निगम हेरिटेज का लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन बना गुंडों,हिस्ट्रीशीटरों की कर्मस्थली!!



यूं तो आम जन के लिए स्थानीय निकायों द्वारा संचालित कचरा ट्रांसफर स्टेशन एक अनजानी  जगह है|लेकिन आपको बता दें कि जयपुर के घरों से निकलने वाला कचरा इन्ही कचरा ट्रांसफर स्टेशनो मे पहुंचता है जहां पर ठेकेदार के कामगार इस कचरे से प्लास्टिक,लोहा,अखबार और अन्य कबाड़ की वस्तुएं बिन कर,स्थानीय निकायों को राजस्व देते है|

वैसे तो ऐसे कचरा ट्रांसफर स्टेशनो का संचालन स्थानीय निकायों के अधिकृत ठेकेदार ही करते है|लेकिन स्थानीय परिस्थितियों से मजबूर होकर ऐसे ठेकेदार इस काम को अन्य छोटे ठेकेदारों को सबलेट कर देते है|

लेकिन अब ऐसे ही कचरा ट्रांसफर स्टेशन गुंडे-मवालियों,हिस्ट्रीशीटरों की कर्मस्थली बनते जा रहे है,जहां पर ऐसे अपराधी नियमित कामगार रखने की बजाय,गरीब बेसहारा लोगों को काम पर रख लेते है,ऐसे लोग अधिक आमदनी के लिए अपने छोटे-बड़े बच्चों,महिलाओ और यहाँ तक की पूरे परिवार के साथ इस काम मे लग जाते है|




एक तरफ तो काँग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी,कचरा बीनने वाली महिलाओ के दुख को साझा करते हुए,उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए राज्य सरकारों को प्रेरित कर रहे है,वही प्रदेश मे आपराधिक प्रवृति के लोग इनका हर तरह से शोषण कर रहे है|

इन स्टेशनों को चलाने वाले अपराधी इन लोगों से चौथ वसूली करते है और ना देने पर इन्हे काम से हटाने के साथ साथ इनकी महिलाओ के साथ यौन उत्पीड़न,बदतमीजी,गाली-गलौच,मारपीट तक करते है|

ऐसा ही एक मामला जयपुर नगर निगम हेरिटेज द्वारा संचालित लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन मे सामने आया है|जहां पर कचरे मे से प्लास्टिक,लोहा व अन्य कबाड़ बीनने वाली कुछ महिलाओ ने गलता गेट थाने मे कुछ आपराधिक तत्वों के विरुद्ध चौथ-वसूली,छेड़छाड़ और बदतमीजी करने की शिकायत दर्ज करवाई है|स्थानीय पुलिस द्वारा भी इस गंभीर मामले मे FIR दर्ज नहीं कर,महज परिवाद दर्ज कर,अपनी औपचारिकता पूरी कर ली गई है|


अपनी शिकायत मे महिला ने बताया कि वह वह और उसके परिवार की अन्य महिलाये जयपुर नगर निगम हेरिटेज द्वारा संचालित लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन मे कचरे से प्लास्टिक,लोहा,अखबार और अन्य कबाड़ की वस्तुएं बिन कर उसे कबाड़ी को बेचकर अपने और अपने परिवार का जीवन यापन करती है|लेकिन यहाँ पर देवराज,असरार और अन्य व्यक्ति उनसे चौथ वसूली करते है पहले इन लोगों ने इन महिलाओ से 2 लाख रुपये मांगे,जिसे इनके द्वारा अदा कर दिया गया,उसके बाद इन लोगों का लालच बढ़ गया और अब यह लोग 1.20 लाख रुपये मासिक की रंगदारी इन महिलाओ से वसूल कर रहे है|नहीं देने पर यह लोग इन महिलाओ को स्टेशन पर नहीं आने देते और हथियारों के दम पर इन महिलाओ के साथ बदतमीजी,गाली गलौच,मारपीट तक करते है|शिकायत के अनुसार इन लोगों पर स्थानीय MLA,पार्षद और निगम के अधिकारियों का हाथ है और इस मासिक बंधी मे से बड़ी राशि इन लोगों के सिंडीकेट तक पहुंचाई जाती है|



सेवा में,
श्रीमान थानाधिकारी महोदय,
पुलिस थाना गलता गेट,
जयपुर।

विषय :- कचरा डिपो पर कचरा बीनने की ऐवज में अवैध वसूली करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने बाबत।

मान्यवर,
निवेदन है कि मै और मेरे समाज की तथा अन्य महिलाऐं, बच्चे व बच्चियाँ कई सालों से दिल्ली बाईपास रोड पर शमशान से आगे लाल डूँगरी पर नगर निगम के कचरा डिपो पर डलनेवाले कचरे में से प्लास्टिक का टूटा फूटा सामान, खाली बोतलें वगै. बीनकर कबाड़ी को बेचकर अपना व अपने परिवार का पालनपोषण करते चले आ रहे है। करीब दो साल पहले झगडालू व गुण्डे किस्म के देवराज खटीक, असरार व इनके गिरोह के अन्य साथियों ने कचरा डिपो पर आकर खुद को कचरा डिपो का मालिक बताते हुए हमें कचरा बीनने से रोक दिया और कचरा डिपो पर डलनेवाले कचरे को अपने लोगों से बिनवाने की धमकी देने लग गए। हमने इन लोगों से अपने परिवारों के गुजारे के लिए कचरा बीनने देने के लिए काफी मिन्नतें की और हाथ पैर जोड़े लेकिन ये लोग नही माने और हमसे कचरा डिपो पर कचरा बीनने की ऐवज में दो लाख रूपये की नाजायज माँग करने लग गए और धमकी दी कि जब तक उन्हें दो लाख रूपये नही मिलेंगे तब तक वह हमें कचरे डिपो पर कचरा बीनकर प्लास्टिक का टूटा फूटा सामान, खाली बोतलें वगै. नही निकालने देगें। ये लोग हमें ये भी कह रहे थे कि ये रूपये हमें एम.एल.ए. महेश जोशी, निगम पार्षद और निगम के अधिकारियों को देने पड़ते है। मैंने व समाज की सभी महिलाओं ने इन लोगों की धमकियों से डरकर अपने परिवारों का गुजारा करने के लिए बड़ी मुश्किल से दो लाख रूपये इकट्ठे करके देवराज खटीक, असरार, को दे दिए। लेकिन इसके बाद ये लोग हमें और ज्यादा परेशान करने लग गए और हर महिने कचरा डिपो पर आकर हमें हथियार दिखाकर रूपये देने के लिए डराने धमकाने लग गए। हमारे काफी मिन्नतों के बाद ये लोग हमसे



एक लाख बीस हजार रूपये महिना लेकर हमें कचरा बीनने देने के लिए सहमत हुए और उसके बाद से ये लोग हमसे कचरा डिपो पर कचरा बीनने की ऐवज में लगातार हर महिने एक लाख बीस हजार रूपये की अवैध वसूली करते चले आ रहे है। जब कभी हमारे पास इन लोगों को देने के रूपयों का इन्तेजाम नही हो पाता है तो ये लोग मोबाईल से और कचरा डिपो पर आकर मुझे व मेरे समाज की अन्य औरतों को माँ-बहन की गन्दी गन्दी गालियाँ देते है और हमारे साथ काफी अभद्र व्यवहार करते है और हमें पकड़कर हमारे साथ जोर जबरदस्ती करके काफी बेइज्जती और अश्लील हरकतें करते है। मै व मेरे समाज की औरतें इन लोगो की अवैध वसूली व हरकतों से काफी तंग व परेशान हो गए है।

अतः रिपोर्ट पेशकर निवेदन है कि इन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक 13.05.2023 प्रार्थिया

## ऐसे मे बड़ा सवाल?क्या गलता गेट पुलिस करेगी नेताओ,अफसरों और अपराधियों के सिंडीकेट के विरुद्ध कार्यवाही?

इन महिलाओ के अनुसार उनके द्वारा पूर्व मे भी इन आपराधिक तत्वों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से इन अपराधियों के हौसलें बुलंद हो चुके है|अब तो यह लोग ना केवल खुलेआम इन महिलाओ के साथ धमकी,मारपीट और बदतमीजी करते है बल्कि इनकी नाबालिग बच्चियों के साथ भी अश्लील हरकते और बदतमीजी करते है, जो कि पोक्सो एक्ट के तहत दंडनीय है|ऐसे मे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि क्या गलता गेट पुलिस इन अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही कर,इन महिलाओ और उनके परिवार जनों को इन अपराधियों के आतंक से निजाद दिला पाएगी या फिर यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहेगा?